**NEWS CLIPPING: 15.01.2019**

**NAVBHARAT TIMES**

# जेसी बोस यूनिवर्सिटी ने जारी किया स्वर्ण जयंती लोगो

■ एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद

**जेसी बोस** (वाईएमसीए) यूनिवर्सिटी ने स्वर्ण जयंती वर्ष में प्रवेश कर लिया है। इसके लिए यूनिवर्सिटी ने एक स्वर्ण जयंती लोगो जारी किया है। सीएम मनोहर लाल ने यूनिवर्सिटी के लोगो का अनावरण किया। साथ ही यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार को इसके लिए शुभकामनाएं दी। मौके पर यूनिवर्सिटी के कुलपति ने सीएम को बताया कि यूनिवर्सिटी के स्वर्ण जयंती वर्ष को यादगार बनाने के लिए कई तरह की गतिविधियां आयोजित करने की योजना बनाई जा रही है।

कुलपति के अनुसार यह संस्थान 1969 में इंडो-जर्मन परियोजना के तहत शुरू हुआ था। संस्थान की स्थापना का उद्देश्य देश में जर्मन पद्धति पर शिक्षा को बढ़ावा देना था। वर्ष 2019 में इस संस्थान ने 50वें वर्ष में प्रवेश कर लिया है।



यूनिवर्सिटी का लोगो जारी करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल

राज्य सरकार के सहयोग से यह यूनिवर्सिटी आज राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बना रही है। उन्होंने बताया कि स्वर्ण जयंती लोगो डिजाइन करने के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था।

**NEWS CLIPPING: 15.01.2019**

## PUNJAB KESARI



जेसी बोस विश्वविद्यालय का स्वर्ण जयंती लोगो जारी करते हुए मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर।

पंजाब केसरी ई-पेपर Tue, 15 January 2019 https://epaper.punjabkesari.in/c/

# सीएम ने किया स्वर्ण जयंती लोगो का अनावरण

फरीदाबाद, 14 जनवरी (ब्यूरो): जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा एक शिक्षण संस्थान के रूप में 50वें स्वर्ण जयंती वर्ष में प्रवेश करने के उपलक्ष्य में एक स्वर्ण जयंती लोगो निकाला है। इस लोगो का अनावरण हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की उपस्थिति में किया गया। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने विश्वविद्यालय प्रशासन को स्वर्ण जयंती वर्ष की शुभकामनाएं दी तथा आशा की कि विश्वविद्यालय आगे भी विद्यार्थियों को उच्च कोटि की गुणात्मक शिक्षा प्रदान करता रहेगा। विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती लोगो का डिजाइन, जो प्रतियोगिता के माध्यम से विकसित हुआ है, 50वें वर्ष में विश्वविद्यालय का प्रतीक चिह्न बनेगा।

**जेसी बोस विश्वविद्यालय**

पंजाब केसरी ई-पेपर Tue, 15 J https://e

**NEWS CLIPPING: 15.01.2019**

**HINDUSTAN**

# वाईएमसीए का नया लोगो स्वर्ण जयंती वर्ष पर जारी

फरीदाबाद | कार्यालय संवाददाता

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए ने 50वें स्वर्ण जयंती वर्ष में प्रवेश करने के उपलक्ष्य पर स्वर्ण जयंती लोगो जारी किया है। शिक्षण संस्थान के रूप में 50 वर्ष होने पर इस लोगो का अनावरण मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने किया।

इस मौके पर कुलपति प्रो. दिनेश कुमार भी मौजूद रहे। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती वर्ष को यादगार बनाने के लिए इस साल अकादमिक और सांस्कृतिक गतिविधियां, सेमीनार व सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि संस्थान के रूप में वर्ष 1969 में इंडो-जर्मन परियोजना के तहत इसे शुरू किया गया था। इसमें वाईएमसीए ऑफ इंडिया की राष्ट्रीय परिषद, केंद्र व राज्य सरकार तथा जर्मन की केंद्रीय एजेंसियां भागीदार थी। संस्थान की स्थापना का उद्देश्य देश में जर्मन पद्धति पर शिक्षा को बढ़ावा देना था। वर्ष 2019 में इस संस्थान ने 50वें वर्ष में प्रवेश कर लिया है। विश्वविद्यालय स्वर्ण जयंती आयोजन के समन्वयक डॉ. संदीप ग्रोवर ने कहा कि लोगो का डिजाइन संस्थान के उद्देश्यों को दर्शाता है।

## पहल

- पूरे साल अकादमिक और सांस्कृतिक गतिविधियां होंगी
- इस लोगो का अनावरण मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने किया

**NEWS CLIPPING: 15.01.2019**

## DAINIK BHASKAR

### कुलपति ने मुख्यमंत्री को विशेष स्वर्ण जयंती स्मारक भेंट किया

# जेसी बोस यूनिवर्सिटी ने स्वर्ण जयंती वर्ष पर जारी किया लोगो, सीएम ने किया अनावरण

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

जेसी बोस यूनिवर्सिटी वाईएमसीए के एक शिक्षण संस्थान के रूप में 50वें स्वर्ण जयंती वर्ष में प्रवेश करने के उपलक्ष्य में एक स्वर्ण जयंती लोगो निकाला गया है। इस लोगो का अनावरण सीएम मनोहर लाल ने किया। सीएम ने यूनिवर्सिटी प्रशासन को स्वर्ण जयंती वर्ष की शुभकामनाएं दी। कुलपति ने मुख्यमंत्री को विशेष स्वर्ण जयंती स्मारक भेंट किया। उन्होंने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि विश्वविद्यालय की स्वर्ण जयंती वर्ष को यादगार बनाने के लिए इस वर्ष पंक्तिबद्ध रूप से अकादमिक व सांस्कृतिक गतिविधि, सेमिनार व सम्मेलन आयोजित करने की योजना है। कुलपति ने कहा कि यूनिवर्सिटी ने राष्ट्रीय महत्व के एक संस्थान के रूप में वर्ष 1969 में इंडो-जर्मन परियोजना के तहत शुरू हुआ था। इसमें वाईएमसीए आफ इंडिया की राष्ट्रीय परिषद केंद्र व राज्य सरकार व जर्मन की केंद्रीय एजेंसी भागीदार थी। इस संस्थान की स्थापना का उद्देश्य देश में जर्मन पद्धति पर शिक्षा को बढ़ावा देना था।



फरीदाबाद. जेसी बोस विश्वविद्यालय का स्वर्ण जयंती लोगो जारी करते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

वर्ष 2019 में इस संस्थान ने 50वें वर्ष में प्रवेश कर लिया है। राज्य सरकार के सहयोग से यह यूनिवर्सिटी आज राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बना रही है। विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती लोगो का डिजाइन, जो प्रतियोगिता के माध्यम से विकसित हुआ है, 50वें वर्ष में यूनिवर्सिटी का प्रतीक चिह्न बनेगा। इस डिजाइन के लिए विद्यार्थियों, संकाय सदस्यों व भूतपूर्व विद्यार्थियों के माध्यम से 70 प्रविष्टियां आई थीं।